Reg. No. : ....

Name : ....

GOVT. BRENNEN COLLEGE ... LIBRARY ... THALASSERY

K16U 1141

II Semester B.Com./B.B.A./B.B.A. T.T.M./B.B.A. R.T.M/B.T.T.M./B.B.M. Degree (CCSS-Reg./Supple./Improv.) Examination, May 2016
COMMON COURSE IN HINDI
2A08 1HIN : Sampreshaneey Hindi
(2014 Admn. Onwards)

Time : 3 Hours Max. Marks : 40

I. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए।

1) आतंकवाद की समस्या केवल भारत की ही नहीं, सारे संसार की समस्या है। आपका विचार व्यक्त कीजिए।

2) 'प्रकृति ने हमारे लिए एक सुखद पर्यावरण का निर्माण किया था। लेकिन मनुष्य ने उसे दूषित कर दिया।' अपना विचार प्रकट कीजिए। **(1×7=7)**

II. कम से कम **300** शब्दों में किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए।

3) आपके मनपसंद फिल्म सितारे से भेंटवार्ता तैयार कीजिए।

4) संकेत बिन्दुओं की सहायता से एक कहानी लिखिए।

दो बिल्लियाँ – रोटी मिली – बाँटने के लिए झगड़ने लगी – बंदर आया – आधा-आधा – तराजू लाया – भारी से काटकर खाया – धीरे-धीरे आधी से ज़्यादा खा गया – बिल्लियाँ बोलीं – बाकी दे दो – बोला – बाँटने की मज़दूरी दो – सब खा गया – आपस के झगड़े – तीसरे का फायदा।

(1×7=7)

III. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए।

5) **हिन्दी** में अनुवाद कीजिए।

To impart proper training to a child, the mother must know the value of character, the way in which it can be developed and many other things necessary for the upbringing of a child. And how can all these things be expected from a mother who is not educated ? It is education alone, which can teach her these things. Further it is the woman who is the solace and comfort of a family. It is she who is her husband's best and most unselfish friend, who cheers him up in the midst of his troubles and difficulties.

P.T.O.

6) अंग्रेज़ी या मलयालम में अनुवाद कीजिए।

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है, जिसके सामने प्रदूषण, अशिक्षा और बढ़ती जनसंख्या आदि अनेक समस्याएँ हैं। इन समस्याओं में बढ़ती हुई जनसंख्या देश की प्रगति और विकास में सबसे बड़ी बाधक है, जिसके कारण सरकार की अच्छी-सी-अच्छी योजनाएँ भी विफल होती जा रही है। बढ़ती जनसंख्या के कारण देश के सभी नागरिकों को सर्वाधिक आवश्यक वस्तुएँ-अन्न, जल, वस्त्र और आवास आदि की सुविधाएँ भी उपलब्ध नहीं हो पाती आज देश के लाखों लोगों को न भर पेट भोजन मिल पाता है, न पीने को स्वच्छ जल, न तन ढकने को वस्त्र और न रहने के लिए घर।

7) आपके कॉलेज में हुए विज्ञान प्रदर्शिनी का वर्णन करते हुए अपने मित्र के नाम एक पत्र लिखिए।

8) जवाहर पुस्तकालय, नई दिल्ली को कुछ पुस्तकें भेजने के लिए एक पत्र तैयार कीजिए। **(3×3=9)**

IV. निर्देश के अनुसार किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

9) निम्नलिखित शब्दों के **अंग्रेज़ी** में अनुवाद कीजिए।

1) स्वीकृति, भत्ता, औसत, दलाल
2) संप्रेषण, वाणिज्य, विक्रेता, मांग
3) अपवाद, निर्यात, मिसिल, स्थापना
4) वितरण, आयकर, अनुसन्धान, सूची
5) पट्टा, पाण्डुलिपि, नामांकन, लाभदायक
6) अभिलेख, राजस्व, बिक्री, सचिवालय

10) निम्नलिखित शब्दों के **हिन्दी** में अनुवाद कीजिए।

1) Abbreviation, Advance, Arrangement, Branch.
2) Circular letter, Department, Director, Excess.
3) Fee, Insurance, Identification, Remuneration.
4) Percentage, Sample, Strike, Tabulation.
5) Treasury, University, Vacancy, Wage.
6) Zero, Tender, Transport, Notification.

11) आपके द्वारा एक नया साबुन बनाया गया है। इसके लिए उचित विज्ञापन तैयार कीजिए।

12) संक्षेपण कीजिए।

समस्त भारतीय साहित्य की सबसे बड़ी विशेषता उसके मूल में स्थित समन्वय की भावना है। उसकी यह विशेषता इतनी प्रमुख तथा मार्मिक है कि केवल इसीके बल पर संसार के अन्य साहित्यों के सामने वह अपनी मौलिकता का पताका फहरा सकता है। जिस प्रकार धार्मिक क्षेत्र में भारत के ज्ञान, भक्ति तथा कर्म के समन्वय प्रसिद्ध है, ठीक उसी प्रकार साहित्य तथा अन्य कथाओं में भी भारतीय प्रकृति समन्वय की ओर रही है। साहित्यिक समन्वय से हमारा तात्पर्य साहित्य में प्रदर्शित सुख-दुख, उत्थान-पतन, हर्ष-विषाद आदि विरोधी तथा विपरीत भावों के समीकरण तथा एक अथौकिक आनंद में उनके विलीन हो जाने में है। साहित्य के किसी अंग को लेकर देखिए, सर्वत्र यही समन्वय दिखाई देगा। भारतीयों का ध्येय सदा से जीवन का आदर्श स्वरूप उपस्थित करके उसका उत्कर्ष बढ़ाने और उसे उन्नत बनाने का रहा है। **(3×3=9)**

V. कम से कम **चार** वाक्यों में किन्हीं **आठ** प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

13) विशेषण क्या है ? दो उदाहरण लिखिए।

14) स्वर और व्यंजन का परिचय दीजिए।

15) वाच्य क्या है ? एक उदाहरण लिखिए।

16) किसी एक मुहावरे या लोकोक्ति का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

17) काल माने क्या है ? कितने भेद हैं ?

18) 'पृथ्वी' शब्द के तीन एकार्थक शब्द लिखिए।

19) 'अंक' शब्द का अनेकार्थ शब्द लिखिए।

20) तुम मोहन को देखे हो। (शुद्ध कीजिए)

21) मैं ने घर जाना है। (शुद्ध कीजिए)

22) हम देश की सेवा करना चाहिए। (शुद्ध कीजिए) **(8×1=8)**

___